असाधारण                                                    रजिस्ट्रेशन नं जे के-33

सत्यमेव जयते

# जम्मू और कश्मीर आधिकारिक राजपत्र

खंड-135]        जम्मू,  गुरूवार, 05 मई, 2022/15 वैशाख, 1944.        [सं. 5-1

इस भाग को अलग पृष्ठीकरण दिया गया है ताकि इसे एक अलग संकलन के रूप में दर्ज किया जा सके ।

भाग II-सी

## परिसीमन आयोग द्वारा अधिसूचनाएं और आदेश ।

# परिसीमन आयोग

**अशोक होटल, 50-बी, नीति मार्ग, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली-110021**

सं. 282/जेएंडके/2022(खंड-IV)

**दिनांकः 5 मई, 2022**
15 वैशाख, 1944 **(शक्)**

### अधिसूचना

परिसीमन अधिनियम, 2002 (2002) की धारा 10 की उप-धारा (1) और जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 के भाग-V के अनुसरण में, जम्मू-कश्मीर संघ राज्य-क्षेत्र में संसदीय और विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन के संबंध में परिसीमन अधिनियम, 2002 की धारा 4 की उप-धारा (2) के साथ पठित धारा 9 की उप-धारा (2) और जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 के भाग- V के अंतर्गत परिसीमन आयोग द्वारा किया गया निम्नलिखित आदेश एतदद्वारा प्रकाशित किया जाता है।

**आदेश सं. 2**

यतः, परिसीमन (संशोधन) अधिनियम, 2003 (2004 का 3) द्वारा यथा-संशोधित परिसीमन अधिनियम, 2002 (2002 का 33) की धारा 8 और 4 और जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 के भाग- v के अनुसरण में, परिसीमन आयोग ने 14 मार्च, 2022 को भारत के राजपत्र और जम्मू-कश्मीर संघ राज्य-क्षेत्र के राजपत्र के असाधारण अंक में प्रकाशित अपने आदेश सं. 1 दिनांक 14 मार्च, 2022 के द्वारा यह निर्धारित किया है - (i) जम्मू-कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र को लोक सभा में आवंटित की जाने वाली सीटों की कुल संख्या पांच (5) होगी, जिसमें से शून्य (0) सीट अनुसूचित जातियों के लिए आरक्षित होगी और शून्य (0) सीट अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षित होगी, और (ii) संघ राज्य-क्षेत्र की विधान सभा को आवंटित की जाने वाली सीटों की कुल संख्या नब्बे (90) होगी, जिनमें से सात (7) सीटें अनुसूचित जातियों के लिए और नौ (9) सीटें अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षित होंगी; और

यतः, परिसीमन अधिनियम, 2002 की धारा 9 की उप-धारा (1) के साथ पठित धारा 5 की उप-धारा (1) और जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 के भाग-V के अनुसरण में, परिसीमन आयोग ने संघ राज्य-क्षेत्र के संसदीय और विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन की कार्यवाहियों के लिए संघ राज्य-क्षेत्र के सह सदस्यों को अपने साथ संबद्ध किया है; और

यतः, परिसीमन अधिनियम, 2002 की धारा 9 की उप-धारा (2) और जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 के भाग-V के अनुसरण में, परिसीमन आयोग ने 2011 की जनगणना में प्रकाशित संगत आंकड़ों के आधार पर संघ राज्य क्षेत्र में संसदीय और विधानसभा क्षेत्रों के परिसीमन के लिए अपने प्रारूप प्रस्तावों को भारत के राजपत्र और जम्मू-कश्मीर संघ राज्य-क्षेत्र के राजपत्र के असाधारण अंकों में 14 मार्च, 2022 को प्रकाशित किया ताकि पूर्वोक्त प्रस्तावों के संबंध में 21 मार्च, 2022 तक आपत्तियां और सुझाव आमंत्रित किए जा सकें; और

यतः, परिसीमन अधिनियम, 2002 की धारा 9 की उप-धारा (2) और जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 के भाग-V के अनुसरण में, आयोग के ऊपर उल्लिखित आदेश सं. 1 और आयोग के ऊपर संदर्भित प्रारूप प्रस्ताव 14 मार्च, 2022 को स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशित किए गए थे और उन्हें रेडियो एवं टेलीविजन तथा जन संचार के अन्य साधनों के माध्यम से आगे और प्रचारित-प्रसारित किया गया था; और

यतः, परिसीमन अधिनियम, 2002 की धारा (9) की उक्त उप-धारा (2) और जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 के भाग-V के अनुसरण में, आयोग ने 25 मार्च, 2022 को एक सार्वजनिक सूचना भी जारी की जिसमें सभी आपत्तियों और सुझावों पर

विचार करने के लिए इसकी सार्वजनिक बैठकों के स्थानों और तिथियों को निर्दिष्ट किया गया था; और

यतः, परिसीमन अधिनियम, 2002 की धारा 9 की उक्त उप-धारा (2) और जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 के भाग-V के अनुसरण में, आयोग ने 4 अप्रैल, 2022 को जम्मू में और 5 अप्रैल, 2022 को श्रीनगर में सार्वजनिक बैठकों का आयोजन किया और जनता के सदस्यों को सुना और उन्हें आयोग को पहले से भेजे गए लिखित अभ्यावेदनों, यदि कोई हों, के अलावा मौखिक और लिखित निवेदन प्रस्तुत करने का पूरा अवसर दिया; और

यतः, आयोग ने संविधान और उक्त अधिनियमों के प्रासंगिक प्रावधानों के आलोक में अपने उक्त प्रस्तावों के संबंध में पूर्वोक्त सार्वजनिक बैठकों में की गई और/या इसके द्वारा अन्यथा प्राप्त सभी आपत्तियों और सुझावों पर विचार किया है;

अब, इसलिए यथा संशोधित परिसीमन अधिनियम, 2002 की धारा 4 की उप-धारा (2) के साथ पठित धारा 9 की उप-धारा (2) के खंड (घ) और जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 के भाग-V के अनुसरण में, परिसीमन आयोग एतद्वारा निम्नानुसार निर्धारित करता है:

1. नब्बे राज्य-क्षेत्रीय विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र जिनमें संघ राज्य-क्षेत्र की विधान सभा के निर्वाचनों के प्रयोजनार्थ जम्मू-कश्मीर संघ राज्य-क्षेत्र को विभाजित किया जाएगा, और ऐसे प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र का विस्तार तालिका-क में दर्शाए अनुसार होगा; [जैसा कि जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 (2019 का 34) की धारा 14(4) में परिकल्पित है, परिसीमन के प्रयोजनार्थ 24 सीटों को नहीं लिया गया है]।

2. वे राज्य-क्षेत्रीय संसदीय निर्वाचन क्षेत्र जिनमें लोकसभा के निर्वाचनों के प्रयोजनार्थ जम्मू-कश्मीर संघ राज्य-क्षेत्र को विभाजित किया जाएगा, और ऐसे प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र का विस्तार तालिका-ख में दर्शाए अनुसार होगा;

3. जहां तालिका-क अथवा तालिका-ख में यथा-दर्शित निर्वाचन क्षेत्र के नाम कोष्ठकों और अक्षरों **(अ.जा.)** द्वारा सुभिन्न किए गए हैं, वहां उस निर्वाचन क्षेत्र में वह सीट अनुसूचित जातियों के लिए आरक्षित है।

4. जहां तालिका-क अथवा तालिका-ख में यथा-दर्शित निर्वाचन क्षेत्र के नाम कोष्ठकों और अक्षरों **(अ.ज.जा.)** द्वारा सुभिन्न किए गए हैं, वहां उस निर्वाचन क्षेत्र में वह सीट अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षित है।

**तालिका-क**

**विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र और उनका प्रस्तावित विस्तार**

| **क्र. सं.** | **विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र का नाम** | **विस्तार** |
|---|---|---|
| | | **1-जिलाः कुपवाड़ा** |
| 1 | करनाह् | करनाह् तह्सील और **करालपुरा तह्सील (भाग)** – गुंदजोनरेशी, पंजगाम और शूलूरा पटवार सर्किल। |
| 2 | त्रेहगम | त्रेहगम और केरन तहसील, **करालपुरा तह्सील (भाग)** – करालपुरा तहसील गुंदजोनरेशी, पंजगाम और शूलूरा पटवार सर्किलों को छोड़कर तथा **कुपवाड़ा तह्सील (भाग)** - गुशी, देदकुट और नगरी मालपोरा पटवार सर्किल। |
| 3 | कुपवाड़ा | **कुपवाड़ा तहसील (भाग)** – कुपवाड़ा तहसील गुशी, देदकुट तथा नगरी मालपोरा पटवार सर्किलों को छोड़कर और **द्रगमुल्ला तह्सील (भाग)** बुमहामा पटवार सर्किल। |
| 4 | लोलाब | सोगाम (लोलाब), लालपोरा और माचिल तह्सील |
| 5 | हंदवाड़ा | विलगाम, जचालदारा और तरतपोरा (रामहल) तहसील और **दृगमुल्ला तह्सील (भाग)** - दृगमुल्ला तहसील बुमहामा पटवार सर्किल को छोड़कर और **हंदवाड़ा तह्सील (भाग)** - बकइयाकैर, हंदवाड़ा, शोधापोरा, बाडीपोरा, सिराजपुरा, बड़कोट माचीपोरा और जगेरपोरा पटवार सर्किल। |
| 6 | लंगेट | काज़ियाबाद (क्रालगुंड), लंगेट और कलामाबाद तहसील और **हंदवाड़ा तहसील (भाग) –** हंदवाड़ा तहसील बकइयाकैर, हंदबाड़ा, शोधापोरा, वाडीपोरा, सिराजपोरा, बड़कोट माधीपुरा और जगेरपुरा पटवार सर्किलों को छोड़कर |
| | | **2-जिलाः बारामूला** |
| 7 | सोपोर | सोपोर और डंगरपोरा तहसील **खोई तहसील (भाग)** तरजु पटवार सर्किल। |
| 8 | रफियाबाद | जैनगीर, वातेरगाम, रफियाबाद (रोहामा) और डांगीबाचा तह्सील। |

| | | |
|---|---|---|
| 9 | उरी | उरी और बोनियार तहसील और **नरवाव तहसील (भाग)** किचामा पटवार सर्किल। |
| 10 | बारामूला | बारामुला तहसील **नरवाव तहसील (भाग)** नरवाव तहसील किचामा पटवार सर्किल को छोड़कर **वागूरा तहसील (भाग) –** वागूरा तहसील वागूरा पटवार सर्किल और फॉरेस्ट ब्लॉक को छोड़कर |
| 11 | गुलमर्ग | क्वारहामा और कुंजर तहसील और **तंगमर्ग तहसील (भाग)** तंगमर्ग तहसील हाजीबल और खैपुरा पटवार सर्किलों को छोड़कर |
| 12 | वागूरा – क्रीरी | क्रीरी तहसील, **वागूरा तहसील (भाग)** वागूरा पटवार सर्किल और फॉरेस्ट ब्लॉक, **खोई तहसील (भाग)** खोई तहसील तरजु पटवार सर्किल को छोड़कर, **तंगमर्ग तहसील (भाग)** हाजीबल और खैपुरा पटवार सर्किल और **पट्टन तहसील (भाग)** वानीगाम पाईन, वानीगाम वाला, तिलगम, तप्पेर वारीपुरा और हमरे पटवार सर्किल। |
| 13 | पट्टन | सिंगपोरा तहसील और **पट्टन तहसील (भाग) –** पट्टन तहसील, वानीगाम पाईन, वानीगाम बाला, तिलगम, तप्पेर वारीपोरा और हमरे पटवार सर्किलों को छोड़कर। |
| **3-जिलाः बांदीपोरा** | | |
| 14 | सोनावारी | सोनावारी तहसील, सुंबल नगरपालिका, अजस तहसील, और **हाजिन तहसील (भाग)** हाजिन तहसील, शाहगुंड, नैडखई पटवार सर्किलों को छोड़कर हाजिन नगरपालिका और **बांदीपोरा तहसील (भाग)** गरूड़ा और नादीहल पटवार सर्किल। |
| 15 | बांदीपोरा | अलुसा तहसील और **बांदीपोरा तहसील (भाग)** बांदीपोरा तहसील, गरूरा और नादिहाल पटवार सर्किलों को छोड़कर और **हाजिन तहसील (भाग)** शाहगुंड और नैदखई पटवार सर्किल। |
| 16 | गुरेज(अ.ज.जा.) | गुरेज और तुलैल तहसील। |
| **4-जिलाः गांदरबल** | | |
| 17 | कंगन (अ.ज.जा.) | कंगन और गुंड तहसील, फॉरेस्ट ब्लॉक कंगन गुंड और **लार तहसील (भाग)** – वाटलर पटवार सर्किल। |

| | | |
|---|---|---|
| 18 | गांदरबल | तुलमुल्ला (खीर भवानी), वकूरा और गांदरबल तहसील और **लार तहसील (भाग)** – लार तहसील वाटलर पटवार सर्किल को छोड़कर। |
| | **5-जिलाः श्रीनगर** | |
| 19 | हजरतबल | **उत्तर श्रीनगर तहसील (भाग) –** उत्तर श्रीनगर तहसील हारवन, गुप्त गंगा, शालीमार और नंदपोरा पटवार सर्किलों को छोड़कर और **ईदगाह तहसील (भाग) –** बुचपोरा, उमेरहेर, ओवंटा भवन, बगात शुरू और अंचर पटवार सर्किल। |
| 20 | खानयार | **खानयार तहसील (भाग)** – खानयार तहसील रैनावारी, संगीन दरवाजा और अबी कारपोरा पटवार सर्किलों को छोड़कर और **उत्तर श्रीनगर तहसील (भाग)** हारवन, गुप्त गंगा और शालीमार पटवार सर्किल। |
| 21 | हब्बाकदल | **दक्षिण श्रीनगर तहसील (भाग)** – दक्षिण श्रीनगर तहसील सोनावर, मैसूमा, शिवपोरा, कुर्सू पादशाहीबाग, नौरसिंह गढ़ और बरजुल्ला पटवार सर्किलों को छोड़कर। |
| 22 | लाल चौक | पंथा चौक तहसील और **दक्षिण श्रीनगर तहसील (भाग)** – सोनवार, मैसूमा, शिवपोरा, कुर्सू पादशाही बाग, नौरसिंह गढ़ और बरजुल्ला पटवार सर्किल। |
| 23 | चानपोरा | चानपोरा तहसील। |
| 24 | जदीबल | **ईदगाह तहसील (भाग)** – जूनीमार पटवार सर्किल, **उत्तर श्रीनगर तहसील (भाग)** नंदपोरा पटवार सर्किल और **खानयार तहसील (भाग)** रैनावारी, संगीन दरवाजा और अबी कारपोरा पटवार सर्किल। |
| 25 | ईदगाह | **ईदगाह तहसील (भाग)** – ईदगाह तहसील बुचपोरा, उमेरहेर, ओवंटा भवन, बगात शुरू, अंचर और जुनीमार पटवार सर्किलों को छोड़कर। |
| 26 | सेंट्रल शाल्टेंग | सेंट्रल शाल्टेंग तहसील। |
| | **6-जिलाः बड़गाम** | |
| 27 | बड़गाम | **नारबल तहसील (भाग) -** नारबल तहसील, कवूसा जागीर और कवूसा खालिसा पटवार सर्किल को छोड़कर और **बड़गाम तहसील (भाग)** – बड़गाम तहसील इचाकूट और गुडसाठू पटवार सर्किलों को छोड़कर। |

| | | |
|---|---|---|
| 28 | वीरवाह | मागम और वीरवाह तहसील और **नारबल तहसील (भाग)** कवूसा जागीर और कवूसा खालिसा पटवार सर्किल। |
| 29 | खानसाहिब | खाग तहसील और **खानसाहिब तहसील (भाग)** – खानसाहिब तहसील, द्रेगाम पटवार सर्किल को छोड़कर। |
| 30 | चरार-ए-शरीफ | चरार-ए-शरीफ तहसील और **खानसाहिब तहसील (भाग)** द्रेगाम पटवार सर्किल, **चाडूरा तहसील (भाग) -** चाडूरा तहसील, रोपोरा नमतिहाल, वाथोरा, बुगम बाटापोरा, दौलतपोरा, वाडीपोरा, यारीकलां पटवार सर्किलों को छोड़कर और नगर समिति चाडूरा और **बड़गाम तहसील (भाग)** - इचाकूट और गुडसाठू पटवार सर्किल। |
| 31 | चाडूरा | बी.के. पोरा तहसील और **चाडूरा तहसील (भाग) -** रोपोरा नमतिहाल, वाथपोरा, बुगम बाटापोरा, दौलतपोरा, वाडीपोरा, यारीकलां पटवार सर्किल और नगर समिति चाडूरा। |
| | | **7-जिलाः पुलवामा** |
| 32 | पम्पोर | पम्पोर और काकापोरा तहसील, पम्पोर नगरपालिका/नगर और ख्रयू नगरपालिका/नगर और **पुलवामा तहसील (भाग)** परीगाम और तुमची नौपोरा पटवार सर्किल। |
| 33 | त्राल | त्राल और अरिपाल तहसील, त्राल नगरपालिका/नगर, **अवंतिपोरा तहसील (भाग)** - अवंतिपोरा, नूरपोरा और मिडुरा पटवार सर्किल और अवंतिपोरा नगरपालिका। |
| 34 | पुलवामा | **पुलवामा तहसील (भाग) -** पुलवामा तहसील कंगन, मुर्रान, मितरीगम, करीमाबाद, बनूरा और वाहीबुग परीगाम और तुमची नौपोरा पटवार सर्किलों को छोड़कर, पुलवामा नगर पालिका, **अवंतिपोरा तहसील (भाग)**– अवंतिपोरा तहसील, अवंतिपोरा, नूरपोरा और मिडुरा पटवार सर्किलों को छोड़कर। |
| 35 | राजपोरा | शाहूरा (लिटर) तहसील, राजपोरा तहसील**, पुलवामा तहसील (भाग)** कंगन, मुर्रान, मितरीगम, करीमाबाद, बुनूरा और वाहीबुग पटवार सर्किल। |
| | | **8-जिलाः शोपियाँ** |
| 36 | जैनपोरा | जैनपोरा, चित्रगाम, बारबुग इमामसाहिब और हरमैन तहसील और **शोपियाँ तहसील (भाग)** - डंगेरपोरा, ट्रेन्ज़, किलोरा मलिकगुंड, नादीगाम, गानोवपोरा अरिष, डन्गाम, प्रताबपोरा बेम्निपोरा कापरिन और काजीउल्लर पटवार सर्किल। |

| | | |
|---|---|---|
| 37 | शोपियाँ | केल्लर और कीगम तहसील, **शोपियाँ तहसील (भाग)** – शोपियाँ तहसील, - डंगेरपोरा, ट्रेन्ज़, किलोरा मलिकगुंड, नादीगाम, गानोवपोरा अरिष, डन्गाम, प्रताबपोरा और बेम्निपोरा कापरिन और काजीउल्लर पटवार सर्किलों को छोड़कर। |
| **9-जिलाः कुलगाम** | | |
| 38 | डी.एच.पोरा | डी.एच.पोरा और पहलू तहसील। |
| 39 | कुलगाम | कुलगाम और यारीपोरा तहसील। |
| 40 | देवसर | कैमोह, फ्रिसल और देवसर तहसील। |
| **10-जिलाः अनन्तनाग** | | |
| 41 | डोरू | डोरू और शाहाबाद बाला तहसील, **कोकेरनाग तहसील (भाग)** – बाही, ओही बमडूरा, अकिनगाम, सागम और नगाम पटवार सर्किल। |
| 42 | कोकरनाग (अ.ज.जा.) | लारनू तहसील, **कोकरनाग तहसील (भाग)** – कोकरनाग तहसील बाही, ओही बुमडूरा, अकिनगाम, सागम और नगाम पटवार सर्किलों को छोड़कर और **शानगुस तहसील (भाग)** – चकलीपोरा, चत्तरगुल और उत्तरसू पटवार सर्किल। |
| 43 | अनन्तनाग पश्चिम | काजीगुंड तहसील, **अनन्तनाग तहसील (भाग) –** खन्नाबल, रुह्, उरहानहॉल, एल.जी. पोरा, खांडीपहाड़ी, के.जी. रैना, निपोरा, हुर्दिसचन, कामद, शाइबाबाद और इमोह पटवार सर्किल। |
| 44 | अनन्तनाग | **अनन्तनाग तहसील (भाग)** - अनन्तनाग तहसील खन्नाबल, रुह्, उरहानहॉल, एल.जी. पोरा, खांडीपहाड़ी, के.जी. रैना, निपोरा, कामद, हुर्दिसचन, शाइबाबाद और इमोह पटवार सर्किलों को छोड़कर। |
| 45 | श्रीगुफवाड़ा – बिजबेहरा | बिजबेहरा और श्रीगुफवाड़ा तहसील |
| 46 | शानगुस-अनन्तनाग पूर्व | अनन्तनाग पूर्व तहसील, **शानगुस तहसील (भाग)** – शानगुस तहसील चकलीपोरा, चत्तरगुल और उत्तरसू पटवार सर्किलों को छोड़कर। |

| | | |
|---|---|---|
| 47 | पहलगाम | पहलगाम और सालार तहसील। |
| | **11-जिलाः किश्तवाड़** | |
| 48 | इन्दरवाल | बौंजवाह, छातरू, मारवाह और वारवां तहसील, **किश्तवाड़ तहसील (भाग)** – केशवां पटवार सर्किल, **मुगलमैदान तहसील (भाग)** – मुगल मैदान तहसील मूलछितर पटवार सर्किल को छोड़कर और **द्राबशाल्ला तहसील (भाग) –** बालग्रान पटवार सर्किल। |
| 49 | किश्तवाड़ | दच्छन तहसील, **द्राबशल्ला तहसील (भाग) –** द्राबशल्ला तहसील बालग्रान पटवार सर्किल को छोड़कर और **किश्तवाड़ तहसील (भाग)** - किश्तवाड़ तहसील दूल, पोच्छल और केशवान पटवार सर्किलों को छोड़कर और **मुगलमैदान तहसील (भाग)** - मूलछितर पटवार सर्किल। |
| 50 | पाडेर-नागसेनी | अथोली, नागसेनी और मचैल तहसील, **किश्तवाड़ तहसील (भाग) -** दूल और पोच्छल पटवार सर्किल। |
| | **12-जिलाः डोडा** | |
| 51 | भदरवाह | भदरवाह, चिरल्ला, भेल्ला और भल्ला तहसील, **कहारा तहसील (भाग) –** जौरा पटवार सर्किल, **भालेसा तहसील (भाग)** – भालेसा तहसील चिल्ली पटवार सर्किल को छोड़कर और **ठाठरी तहसील (भाग)** ठाठरी तहसील जंगलवार अंशतः पटवार सर्किल को छोड़कर। |
| 52 | डोडा | चिल्ली पिंगल, गुंडना, फिगसू, मोहल्ला, और भरथ बगला तहसील, **डोडा तहसील (भाग)**-डोडा, अर्नोर्रा, धार, डोडा नगरपालिका, उद्यानपुर (अंशतः) और धारा पटवार सर्किल, **थाथरी तहसील (भाग)** – जंगलवार अंशतः पटवार सर्किल, **कहारा तहसील (भाग)** – कहारा तहसील जौरा पटवार सर्किल को छोड़कर और **भालेसा तहसील (भाग)** - चिल्ली पटवार सर्किल। |
| 53 | डोडा पश्चिम | मरमत, अस्सर, कास्तीगढ़ और भगवाह तहसील, **डोडा तहसील (भाग)**-डोडा तहसील डोडा अर्नोर्रा, धार, डोडा नगरपालिका, उद्यानपुर (अंशतः) और धारा पटवार सर्किल को छोड़कर। |

| | | |
|---|---|---|
| **13-जिलाः रामबन** | | |
| 54 | रामबन | बटोत और राजगढ़ तहसील **उखराल तहसील (भाग)** – उखराल तहसील, पोगल पटवार सर्किल को छोड़कर **रामबन तहसील (भाग)** – रामबन तहसील सोम्बर- हरोग पटवार सर्किल को छोड़कर। |
| 55 | बनिहाल | बनिहाल, खारी, रामसू और गूल तहसील, **उखराल तहसील (भाग) –** पोगल पटवार सर्किल और **रामबन तहसील (भाग)** – सोम्बर- हरोग पटवार सर्किल। |
| **14-जिलाः रियासी** | | |
| 56 | गुलाबगढ़ (अ.ज.जा.) | माहोर और चस्साना तहसील और **थुरू तहसील (भाग)** – थुरू तहसील कांथी पटवार सर्किल को छोड़कर |
| 57 | रियासी | पौनी, ठाकराकोट और अरनास तहसील और **रियासी तहसील (भाग)** – रियासी तहसील भाबर ब्राह्मण, भगा कोटली और कोटली बजलियन पटवार सर्किलों को छोड़कर और **थुरू तहसील (भाग)** - कांथी पटवार सर्किल। |
| 58 | श्री माता वैष्णो देवी | कटरा एवं भोमाग तहसील, **रिआसी तहसील (भाग)-** भाबर ब्राह्मण, भगा कोटली एवं कोटली बजलियान पटवार सर्किल। |
| **15-जिलाः ऊधमपुर** | | |
| 59 | ऊधमपुर पश्चिम | मौंगरी और पंचारी तहसील, **ऊधमपुर तहसील (भाग)** – संबल, बारियाँ, जिब, रहमबल, पडानू, बरोला, हरटेरियन, मुत्तल, चक रखवालान, माली, बिशाल जट्टन, ऊधमपुर नगर परिषद, मानसर, क्रिमची, त्रिशी, डेब्रिया, समुंदरानी , चखेर, सियाल जट्टन, कोटली जीजान, मंगियोट, टोपे, संगूर और संसू पटवार सर्किल। |
| 60 | ऊधमपुर पूर्व | मजालता तहसील, **ऊधमपुर तहसील (भाग)** – ऊधमपुर तहसील संबल, बारियाँ, जिब, रहमबल, पडानू, बरोला, हरटेरियन, मुत्तल, चक रखवालान, माली, बिशाल जट्टन, ऊधमपुर नगर परिषद, मानसर, क्रिमची, त्रिशी, डेब्रिया, समुंद्रानी, चखेर, सियाल जट्टन, कोटली जीजान, मंगियोटे, टोपे, संगूर, संसू, बाली, मानता, लाढ़ा, समरोली, चिरडी, जखैन, ओसू, पखलाई, ओमाला और लड्डन पटवार सर्किलों को छोड़कर और **रामनगर तहसील (भाग)** - कोगरमढ़ पटवार सर्किल। |

| | | |
|---|---|---|
| 61 | चिनैनी | चिनैनी तहसील, **लाट्टी तहसील (भाग)** - पचौंद, लाट्टी और सिरा पटवार सर्किल, **रामनगर तहसील (भाग)** - घोरडी, नाला घोरान, हरटेरियन, धंदाल और बरमीन पटवार सर्किल और **ऊधमपुर तहसील (भाग)** - बाली, मानता, लाढ़ा, समरोली, चिरडी, जखैन, ओसू, पखलाई, ओमाला और लड्डुन पटवार सर्किल। |
| 62 | रामनगर (अ.जा.) | बसंतगढ़ तहसील, **रामनगर तहसील (भाग)** – रामनगर तहसील घोरडी, नाला घौरान, हरटेरियन, धंदाल, कोगरमढ़ और बरमीन पटवार सर्किलों को छोड़कर और **लाट्टी तहसील (भाग)** – लाट्टी तहसील पचौड, लाट्टी और सिरा पटवार सर्किलों को छोड़कर। |
| **16-जिलाः कठुआ** | | |
| 63 | बनी | बनी और लोहाई मल्हार तहसील। |
| 64 | बिलावर | बिलावर और रामकोट तहसील। |
| 65 | बसोहली | बसोहली और महानपुर तहसील, **कठुआ तहसील (भाग)** – बसंतपुर और थेइन पटवार सर्किल। |
| 66 | जसरोटा | डिंगा अंब तहसील, **कठुआ तहसील (भाग)** - बरवाल, भुरथैन, बुधी, चाक सकता, फोरलेन, हटली, जुथाना, कठेरा, लोगेट, नानन, फलोट, तराहारा और त्रिदवान पटवार सर्किल और **मरहीन तहसील (भाग) -** अमला, बल्हार, बन, छन रोरियन, धमाल. हमीरपुर, जोगियाल, किशनपुर कंडी, मुठी हरदो और सेसवान पटवार सर्किल। |
| 67 | कठुआ (अ.जा.) | नगरी तहसील और **कठुआ तहसील (भाग)** –कठुआ तहसील बरवाल, भुरथैन, बुधी, चाक सकता, पेरलैन, हटली, जुथाना, कठेरा, लोगेट, नानन, फलोटे, तराहराह, त्रिदवान, बसंतपुर और थेइन पटवार सर्किलों को छोड़कर। |
| 68 | हीरानगर | हीरानगर और **मरहीन तहसील (भाग) –** मरहीन तहसील अमला, बल्हार, बन, छन रोरियन, धमाल, हमीरपुर, जोगियाल, किशनपुर कंडी, मुठी हरदो और सेसवान पटवार सर्किलों को छोड़कर। |

| | | |
|---|---|---|
| **17-जिलाः साम्बा** | | |
| 69 | रामगढ़ (अ.जा.) | रामगढ़ और राजपुरा तहसील और **साम्बा तहसील (भाग)** – कटली, रामनगर और पंगदौर पटवार सर्किल। |
| 70 | साम्बा | घगवाल तहसील, **साम्बा तहसील (भाग)** – साम्बा तहसील कटली, रामनगर और पंगदौर पटवार सर्किलों को छोड़कर और **विजयपुर तहसील (भाग)** – डगोड़ और गुढ़ा सलाथिया पटवार सर्किल। |
| 71 | विजयपुर | बारी ब्राह्मणा तहसील और **विजयपुर तहसील (भाग)** – विजयपुर तहसील डगोड़ और गुढ़ा सलाथिया पटवार सर्किलों को छोड़कर। |
| **18-जिलाः जम्मू** | | |
| 72 | बिश्नाह (अ.जा.) | बिश्नाह और अरनिया तहसील, **आर.एस. पुरा तहसील (भाग)**- मरालियाँ पटवार सर्किल। |
| 73 | सुचेतगढ़ (अ.जा.) | सुचेतगढ़ तहसील, **आर.एस. पुरा तहसील (भाग)** – आर.एस.पुरा तहसील मरालियाँ, दरसोपुर, आर.एस. पुरा खास और कोटली शाह डौला पटवार सर्किलों, नगरपालिका समिति आर.एस.पुरा को छोड़कर। |
| 74 | आर.एस. पुरा - जम्मू दक्षिण | **जम्मू दक्षिण तहसील (भाग)**-गाडीगढ़, सतवारी, हक्कल (अंशतः), खंडवाल (अंशतः) और डिगियाना पटवार सर्किल, **जम्मू नगर निगम (भाग)**-वार्ड नं. 22, 23, 55, 56, 57, 58 और 73, **बाहु तहसील (भाग)**-चौआदी पटवार सर्किल, वार्ड नं. 68, 69 और 70 और **आर.एस. पुरा तहसील (भाग)** – दरसोपुर, आर.एस. पुरा खास और कोटली शाह डौला पटवार सर्किल, नगरपालिका समिति आर.एस. पुरा। |
| 75 | बाहु | **बाहु तहसील (भाग)**-बाहु, सुंजवां और बाहु (अंशतः) पटवार सर्किल और जम्मू नगर निगम वार्ड नं. 20, 21, 42, 43, 44, 47, 48, 49, 50, 51, 52, 53, 54 और 74 सहित और **जम्मू दक्षिण तहसील (भाग)**-वार्ड नं. 45 और 46, जम्मू कैंट। |
| 76 | जम्मू पूर्व | **जम्मू तहसील (भाग)** – बाईं बजाल और एथम पटवार सर्किल, **नगरोटा तहसील (भाग)**-जगती पटवार सर्किल और **जम्मू एमसी (भाग)** - वार्ड नं. 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9, 10, 11, 14, 15, 16, 17, 18, 19 और 71. |

| | | |
|---|---|---|
| 77 | नगरोटा | दंसाल तहसील, **भलवाल तहसील (भाग)** – भलवाल तहसील भलवाल अंशतः और कोट पटवार सर्किलों को छोड़कर **नगरोटा तहसील (भाग)** – नगरोटा तहसील, जगती पटवार सर्किल को छोड़कर **जम्मू तहसील (भाग)** - सूरींसर, सगून और पौंथल पटवार सर्किल । |
| 78 | जम्मू पश्चिम | **जम्मू तहसील (भाग)** जम्मू नगर निगम - वार्ड नं.- 12, 13, 24, 25, 26, 27, 28, 29, 30, 31, 32, 33, 39, 40 और 41 और **जम्मू पश्चिम तहसील (भाग)** - मंडाल (अंशतः) और गोल पटवार सर्किल। |
| 79 | जम्मू उत्तर | जम्मू उत्तर तहसील जेएमसी वार्ड नं. 37, 38, 59 से 67 **जम्मू तहसील (भाग) -** वार्ड नं. 34, 35, 36 एवं **भलवाल तहसील (भाग)-** भलवाल (अंशत:) और कोट पटवार सर्किलों सहित। |
| 80 | मढ़ (अ.जा.) | मंडाल तहसील, मढ़ तहसील जेएमसी वार्ड नं. - 72 और 75 सहित और **जम्मू पश्चिम तहसील (भाग)** बधोर पटवार सर्किल। |
| 81 | अखनूर (अ.जा.) | अखनूर, परगवाल और ज्यौड़ियाँ तहसील। |
| 82 | छम्ब | खौड़, खराह बल्ली, मैरा मंड्रियन और चौकी चौरा तहसील। |
| **19-जिलाः राजौरी** | | |
| 83 | कालाकोट-सुंदरबनी | सुंदरबनी, कालाकोट, तरयाठ और सियोट तहसील। |
| 84 | नौशेरा | किला दरहाल, बेरी पत्तन और नौशेरा तहसील। |
| 85 | राजौरी (अ.ज.जा.) | **राजौरी तहसील (भाग)** – राजौरी तहसील सोहना और फतेहपुर पटवार सर्किलों को छोड़कर। |
| 86 | बुधल (अ.ज.जा.) | कोटेरंका और खवास तहसील। |
| 87 | थन्नामंडी (अ.ज.जा.) | थन्नामंडी, दरहाल और मंजाकोट तहसील, **राजौरी तहसील (भाग)** –सोहना और फतेहपुर पटवार सर्किल। |
| **20-जिलाः पुंछ** | | |
| 88 | सुरनकोट (अ.ज.जा.) | सुरनकोट तहसील, **हवेली तहसील (भाग)** - खनेतर, सेरी ख्वाजा और सेंधारा पटवार सर्किल। |

| | | |
|---|---|---|
| 89 | पुंछ हवेली | मंडी तहसील, **हवेली तहसील (भाग)-** हवेली तहसील खनेतर, सेरी ख्वाजा और सेंधारा पटवार सर्किलों को छोड़कर। |
| 90 | मेंढ़र (अ.ज.जा.) | बालाकोट, मनकोट और मेंढ़र तहसील। |

## तालिका-ख

## संसदीय निर्वाचन क्षेत्र और उनका प्रस्तावित विस्तार

| **क्रम सं. और संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का नाम** | **विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के संदर्भ में विस्तार** |
|---|---|
| 1-बारामूला | 1-करनाह, 2-त्रेहगम, 3-कुपवाड़ा, 4-लोलाब, 5-हंदवाड़ा, 6-लंगेट, 7-सोपोर, 8-रफियाबाद, 9-उरी, 10-बारामूला, 11-गुलमर्ग, 12-वागूरा – क्रीरी, 13-पट्टन, 14-सोनावारी, 15-बांदीपोरा, 16-गुरेज़ (अजजा), 27-बड़गाम और 28-बीरवाह। |
| 2-श्रीनगर | 17-कंगन (अजजा), 18-गांदरबल, 19-हजरतबल, 20-खानयार, 21- हब्बाकदल, 22-लालचौक, 23-चानपोरा, 24-जदीबल, 25-ईदगाह, 26-सेंट्रल शाल्टेंग, 29-खानसाहिब, 30-चरार-ए-शरीफ, 31-चाडूरा, 32-पम्पोर, 33-त्राल, 34-पुलवामा, 35-राजपोरा और 37-शोपियाँ। |
| 3-अनन्तनाग-राजौरी | 36-जैनपोरा, 38-डी.एच. पोरा, 39-कुलगाम, 40-देवसर, 41-डोरू, 42-कोकरनाग (अजजा), 43-अनन्तनाग पश्चिम, 44-अनन्तनाग, 45- श्रीगुफवाड़ा – बिजबेहरा, 46- शानगुस-अनंतनाग पूर्व, 47-पहलगाम, 84-नौशेरा, 85-राजौरी (अजजा) 86-बुधल (अजजा), 87-थन्नामंडी (अजजा), 88- सुरनकोट (अजजा), 89-पुंछ हवेली और 90-मेंढ़र (अजजा)। |
| 4-ऊधमपुर | 48-इन्दरवाल, 49-किश्तवाड़, 50-पाडेर-नागसेनी, 51-भदरवाह 52-डोडा, 53-डोडा पश्चिम, 54-रामबन, 55-बनिहाल, 59-ऊधमपुर पश्चिम, 60-ऊधमपुर पूर्व, 61-चिनैनी, 62-रामनगर (अजा), 63-बनी, 64-बिलावर, 65-बसोहली, 66-जसरोटा 67-कठुआ (अजा) और 68-हीरानगर। |
| 5-जम्मू | 56-गुलाबगढ़ (अजजा), 57-रियासी, 58-श्री माता वैष्णो देवी, 69- रामगढ़ (अजा), 70-साम्बा, 71-विजयपुर, 72-बिश्नाह (अजा) 73-सुचेतगढ़ (अजा), 74-आर. एस. पुरा - जम्मू दक्षिण, 75-बाहु, 76-जम्मू पूर्व, 77-नगरोटा, 78-जम्मू पश्चिम, 79-जम्मू उत्तर, 80-मढ़ (अजा), 81-अखनूर (अजा), 82-छम्ब और 83-कालाकोट-सुंदरबनी। |

नोटः तालिका-क में किसी जिले, तहसील, पटवार सर्किल, नगरपालिका और वार्ड या अन्य राज्यक्षेत्रीय डिवीजन के किसी भी संदर्भ का अर्थ 15 जून, 2020 की स्थिति के अनुसार उस जिले, तहसील, पटवार सर्किल, नगरपालिका और वार्ड या अन्य राज्यक्षेत्रीय डिवीजन के भीतर आने वाले क्षेत्र से होगा।

| | | |
|---|---|---|
| ह./- | ह./- | ह./- |
| केवल कुमार शर्मा | न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) रंजना प्रकाश देसाई | सुशील चंद्रा |
| राज्य निर्वाचन आयुक्त | | मुख्य निर्वाचन आयुक्त |
| सदस्य | अध्यक्ष | सदस्य |

आदेश से,

ह./-
**(के.एन. भार)**
**सचिव**

---

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए प्रकाशित।

ह./-
अनिल सलगोत्रा
संयुक्त मुख्य निर्वाचन
अधिकारी, जम्मू-कश्मीर
संघ राज्य क्षेत्र